# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 29.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- **केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय क्रिटिकल खनिज मिशन को मंजूरी दी–हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए ये पहल की गई।**
- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बजट सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी से सदन चलाने में सहयोग का आह्वान किया।**
- **राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल को और अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया।**
- **बीटिंग रिट्रीट के परम्परागत आयोजन के साथ आज नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न।**

000

केन्द्र सरकार ने **राष्ट्रीय क्रिटिकल खनिज मिशन** को मंजूरी दे दी है। 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ इसे स्वीकृति दी गई है। आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को ये जानकारी दी। कैबिनेट फैसलों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए ये पहल की गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि ऊर्जा संक्रमण, कृषि, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन, एयरोस्पेस, परमाणु और अन्य क्षेत्रों के लिए ये महत्वपूर्ण हैं।

...............

सरकार ने गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल खरीद के मूल्य को भी मंजूरी दे दी है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आगामी बजट सत्र के दौरान सभी दलों को सदन संचालन में सहयोग करने का आह्वान किया है। श्री देवनानी की अध्यक्षता में आज सर्वदलीय बैठक हुई। उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा प्रदेश की आठ करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करती है। जनप्रतिनिधियों को लोगों की आकाक्षांओं के अनुकूल व्यवहार कर आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने और सार्थक बहस में सहयोग करने को कहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस बैठक में शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा के नए कलेवर को देखा। श्री शर्मा ने विधानसभा में हुए डिजिटाइज़ेशन सहित अन्य नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग और विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विपक्ष जो भी मुद्दे रखेगा, सरकार तथ्यों और तत्परता के साथ उसका जवाब देगी।

...............

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सत्र के संचालन में विपक्ष का पूरा सहयोग रहेगा।

...............

सोलहवीं विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से शुरू हो रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने युवाओं से संस्कृति के संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया है। आज जयपुर में राजभवन में आयोजित 16वें आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में उन्होंने आदिवासी समाज को जल, जंगल और ज़मीन का सच्चा संरक्षक बताया। राज्यपाल ने झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न जिलों से आए युवाओं का आह्वान किया कि वे आदिवासी विभूतियों से प्रेरणा लें। इस दौरान श्री बागड़े ने बिरसा मुंडा, गोविंद गुरू और काली बाई तथा अन्य महान हस्तियों के योगदान का उल्लेख किया।

000

राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जुड़वाने की शुरूआत की है। इसके लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल को और अधिक पारदर्शी और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि इसके अलावा पात्र व्यक्ति स्वयं विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

000

राज्य सरकार ने हनुमानगढ़ जिले में संगरिया तहसील के नौ गांव अभावग्रस्त घोषित किये हैं। सरकार ने इस बारे में आदेश जारी किये हैं। खरीफ फसलों में ओलावृष्टि से 33 फीसदी से अधिक खराबा होने पर प्रभावित

किसानों को कृषि–आदान अनुदान वितरण के लिए ये घोषणा की गई है। आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव भगवंत सिंह ने बताया कि हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर की फसल खराबे पर गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर ये निर्णय लिया गया है।

000

केन्द्रीय बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई में वित्तीय वर्ष 2025–26 के आम बजट प्रस्तुत करने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
प्रदेश में भी आम लोगों और विभिन्न क्षेत्र के उद्यमियों में बजट को लेकर उत्सुकता है। वस्त्र नगरी के नाम से प्रसिद्ध भीलवाड़ा के कपड़ा व्यवसायी भी केन्द्रीय बजट से कई उम्मीदें रखे हुए हैं। भीलवाडा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रेम स्वरूप गर्ग ने मांग की है कि बजट में भीलवाडा को टेक्सटाइल पार्क की सौगात मिलनी चाहिए।

000

**बीटिंग रिट्रीट** के साथ गणतंत्र दिवस समारोह आज नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री इस अवसर पर मौजूद रहे। समारोह विजय चौक पर हुआ। इसमें सैन्य टुकड़ियों ने संगीत की धुनों पर कई आकर्षक संरचनाएं बनाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया।

000

मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में आज दोपहर तक करीब पांच करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। इसके साथ ही घाटों पर अनुष्ठान और पूजा–अर्चना की गई। इस धार्मिक समागम की शुरूआत 13 जनवरी से हुई थी और अब तक 25 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके
हैं। रेलवे ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को भ्रामक बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे विभिन्न स्टेशनों से 370 से अधिक ट्रेनें चला रहा है।

000

महाकुंभ में संगम नोज़ पर बीती रात हुई भगदड़ में कुछ श्रद्धालुओं की मृत्यु होने की आशंका है। घटना में कई व्यक्तियों के घायल होने का भी समाचार है। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना को दुखद बताते हुए जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के परिवार वालों के लिए गहरी संवेदन व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया है।

000

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कल शहीद दिवस के रूप में मनायी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जयपुर में भी सचिवालय में शहीद दिवस के मौके पर कार्यक्रम रखा गया है। इसमें बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति होगी। शहीद दिवस पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कार्यालयों में मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रदेश में कल कुष्ठ रोग निवारण दिवस भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता पखवाड़े की शुरूआत होगी। इस दौरान कुष्ठ रोग से जुड़ी अंधविश्वास और भ्रांतियों को दूर किया जाएगा।

000